खाने-पीने की वस्तुओं की घटी कीमतों से सितंबर में महंगाई दर में गिरावट, आरबीआई के तय दायरे के अंदर

# खुदरा महंगाई तीन माह के निचले स्तर पर

अच्छी खबर | 1

नई दिल्ली, हिन्दुस्तान ब्यूरो। देश को महंगाई के मोर्चे पर बड़ी राहत मिली है। देश में सितंबर महीने में खुदरा महंगाई की दर तीन माह के निचले स्तर यानी 5.02 फीसदी पर आ गई है। अगस्त में यह दर 6.83% थी। इसके पहले जुलाई में रिटेल महंगाई दर 7.44% रही थी, जो कि 15 महीने का उच्चतम स्तर था।

सितंबर में महंगाई दर में आई तेज गिरावट के पीछे खाद्य महंगाई की कीमतों में आई कमी है। खुदरा महंगाई भारतीय रिजर्व बैंक के तय वहनीय दायरे की ऊपरी सीमा से नीचे आ गई है। आरबीआई ने चार फीसदी तक महंगाई दर को लाने का लक्ष्य रखा हुआ है।

रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि सितंबर में खुदरा मुद्रास्फीति में व्यापक गिरावट रही लेकिन खानपान की वस्तुओं और ईंधन खंड ने इसमें अहम भूमिका निभाई। वहीं, पीडब्ल्यूसी इंडिया के रनेन बनर्जी ने कहा कि मुद्रास्फीति का पांच प्रतिशत से नीचे जाना अच्छी खबर है। उन्होंने ब्याज दर के कुछ समय तक अपरिवर्तित रहने की संभावना भी जताई।



5.02% रही सितंबर 2023 में खुदरा महंगाई दर

6.83% थी अगस्त 2023 में खुदरा महंगाई दर

## मुद्रास्फीति का असर ग्रामीण इलाकों में ज्यादा

शहरी क्षेत्रों के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों में मुद्रास्फीति अधिक रही। ग्रामीण क्षेत्र में मुद्रास्फीति 5.33 प्रतिशत रही जबकि शहरी क्षेत्र में यह 4.65 प्रतिशत रही। ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य उत्पादों की कीमतें 6.65 प्रतिशत बढ़ीं जबकि शहरी क्षेत्र में यह आंकड़ा 6.35 प्रतिशत रहा।

## दिल्ली में महंगाई दर राष्ट्रीय औसत से कम

राज्यों के बीच सबसे ज्यादा महंगाई राजस्थान में 6.53 प्रतिशत रही जबकि छत्तीसगढ़ में यह सबसे कम 1.98 प्रतिशत रही। दिल्ली में भी 5.02 प्रतिशत के राष्ट्रीय औसत से कहीं कम 2.24 प्रतिशत पर रही।

## इस साल खुदरा महंगाई

| | |
|---|---|
| अगस्त | 6.83 |
| जुलाई | 7.44 |
| जून | 4.49 |
| मई | 2.91 |
| अप्रैल | 3.84 |
| मार्च | 4.79 |

■ आंकड़े प्रतिशत में

## दामों में कहां आया अंतर

| | अगस्त | सितंबर |
|---|---|---|
| सब्जी | 26.14 | 3.39 |
| दालें | 13.04 | 16.38 |
| दूध | 7.73 | 6.89 |
| मसाले | 23.19 | 23.06 |
| मीट–मछली | 3.68 | 4.11 |
| अंडे | 4.31 | 6.42 |
| ईंधन–बिजली | 4.31 | -0.11 |

■ आंकड़े प्रतिशत में

# अगस्त में देश के औद्योगिक उत्पादन ने तेज रफ्तार पकड़ी

| 2 | नई दिल्ली, एजेंसी। मैन्यूफैक्चरिंग और खनन क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन से देश में औद्योगिक उत्पादन अगस्त महीने में सालाना आधार पर 10.3 प्रतिशत बढ़ा। गुरुवार को जारी आधिकारिक आंकड़े के मुताबिक यह रफ्तार एक बार फिर से बढ़ी है और 14 महीने की ऊंचाई पर पहुंच गई है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा जाने वाला औद्योगिक उत्पादन पिछले साल अगस्त में 0.7 प्रतिशत घटा था।

ब्लूमबर्ग के सर्वे में 36 अर्थशास्त्रियों ने अगस्त में आईआईपी की वृद्धि दर 9.1% रहने का अनुमान लगाया था, लेकिन आंकड़े उम्मीद से और बेहतर आए हैं। सांख्यिकी मंत्रालय के अनुसार, जुलाई की 6.0% की संशोधित आईआईपी वृद्धि के मुकाबले अगस्त में 10.3% की वृद्धि दर्ज की गई है। यानी मासिक आधार पर वृद्धि दर में 4.3% की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

अगस्त 2022 की तुलना में अगस्त 2023 के आंकड़े काफी बेहतर हैं। कोविड के तीसरे चरण से उबरने के बाद पिछले साल अगस्त में खनन और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में आंकड़े नकारात्मक थे, जबकि बिजली उत्पादन में भी आंकड़े कमजोर थे।



## 'उत्पादन में तेजी लाएं'

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने घरेलू उद्योग से उत्पादन गतिविधियों में तेजी लाने और भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने में योगदान देने को कहा। उद्योग जगत को संबोधित करते हुए, गोयल ने कहा कि सरकार ने विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र का समर्थन करने के लिए कई कदम उठाए हैं।

# लैपटॉप आयात के लिए लाइसेंस नहीं, मंजूरी लेनी होगी

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार लैपटॉप, टैबलेट एवं पर्सनल कंप्यूटरों के आयात के लिए एक नवंबर से लाइसेंसिंग प्रक्रिया की जगह आयात प्राधिकार प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी में है। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

हालांकि वाणिज्य मंत्रालय को इस संबंध में अभी तक इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से अंतिम सहमति मिलने का इंतजार है।

सरकार ने अगस्त में लैपटॉप, टैबलेट एवं कंप्यूटरों के आयात पर बंदिशें लगा दी थीं। यह कदम चीन जैसे देशों से इन उत्पादों के आयात को हतोत्साहित करने और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया था। वाणिज्य मंत्रालय के मातहत निकाय विदेश व्यापार महानिदेशालय की अधिसूचना के मुताबिक, आयात से जुड़ी बंदिशें एक नवंबर से लागू हो जाएंगी।

## बाजार 30s

### शेयरबाजार

| सेंसेक्स | | | निफ्टी | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 66408 -64.66 | | | 19794 -17.35 | | |
| टॉप गेनर | | | टॉप गेनर | | |
| कंपनी | बंद | बदलाव% | कंपनी | बंद | बदलाव% |
| मारुति | 10576.45 | 1.60 | बीपीसीएल | 348.80 | 1.82 |
| एनटीपीसी | 241.85 | 1.36 | मारुति | 10595.00 | 1.76 |

### कमोडिटी

| | भाव | बदलाव |
|---|---|---|
| सोना | 59,050 | +350 |
| चांदी | 73,200 | +200 |

### करेंसी

डॉलर/रुपया
83.24 -00.06

## राइट्स को नवरत्न कंपनी का दर्जा मिला

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी राइट्स लिमिटेड को नवरत्न का दर्जा मिल गया है। इंजीनियरिंग और परामर्श कंपनी ने शेयर बाजार को बताया, रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) से राइट्स को नवरत्न का दर्जा देने के प्रस्ताव पर विचार करने के बाद सरकार ने इसे मंजूरी दे दी है। नवरत्न का दर्जा शीर्ष प्रदर्शन करने वाले केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को दिया जाता है।

# गो फर्स्ट लेने की दौड़ में जेटविंग्स भी

नई दिल्ली, एजेंसी। जेटविंग्स एयरवेज ने ठप एयरलाइन गो फर्स्ट के लिए आशय पत्र दाखिल किया है। कंपनी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। गो फर्स्ट दिवाला कार्यवाही का सामना कर रही है।

जेटविंग्स एयरवेज का मुख्यालय असम के गुवाहाटी शहर में है। इसे हाल ही में एक अनुसूचित यात्री एयरलाइन के रूप में संचालित करने के लिए नागर विमानन मंत्रालय से एनओसी मिला है।

गौरतलब है कि गुरुवार को खबरों में आया था कि नवीन जिंदल की कंपनी जिंदल पावर गो फर्स्ट को लेने को तैयारी कर रही है और उसने इस संबंध में आशय पत्र भी जारी किया है। बता दें कि वाडिया परिवार द्वारा नियंत्रित विमानन कंपनी का परिचालन तीन मई से ठप पड़ा है।

# छमाही में वाहनों की बिक्री 9% बढ़ी

रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में यात्री वाहनों तथा तिपहिया वाहनों के अभी तक के सर्वाधिक पंजीकरण के दम पर चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में वाहनों की खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

ऑटो डीलरों के निकाय फाडा ने बताया कि बीती छमाही में वाहनों की बिक्री बढ़कर 1.10 करोड़ इकाई हो गई, जबकि 2022-23 वित्तीय वर्ष की समान अवधि में यह 1.01 करोड़ इकाई थी।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में वाहनों की बिक्री में लचीलापन रहा जिससे कुल खुदरा वाहनों की बिक्री में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि समीक्षाधीन अवधि में सभी श्रेणियों में सालाना आधार पर वृद्धि दर्ज की गई, जिसमें तिपहिया वाहनों के पंजीकरण में अधिकतम वृद्धि देखी गई। फाडा के अनुसार, उसने 1,440 आरटीओ (क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय) में से 1,352 से वाहन पंजीकरण आंकड़े एकत्र किए। फाडा को त्योहारी सीजन में मांग बढ़ने की उम्मीद है।

## यात्री वाहनों की रिकॉर्ड खुदरा बिक्री दर्ज हुई



चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में यात्री वाहन (पीवी) की खुदरा बिक्री छह प्रतिशत बढ़कर 18,08,311 इकाई हो गई, जो एक साल पहले समान अवधि में 17,02,905 इकाई थी। फाडा ने कहा, इसमें न केवल सालाना आधार पर छह प्रतिशत की वृद्धि हुई, बल्कि रिकॉर्ड खुदरा बिक्री भी देखी गई वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में यात्री वाहन की खुदरा बिक्री 18,08,311 इकाई के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। यह वित्त वर्ष 2022-23 की पहली छमाही के 17,02,905 इकाई के पिछले रिकॉर्ड को भी पार कर गई।

# बीते माह डेट फंड से ताबड़तोड़ निकासी

नई दिल्ली, एजेंसी। बॉन्ड, प्रतिभूतियों में निवेश करने वाली डेट म्यूचुअल फंड योजनाओं से पिछले महीने 1.01 लाख करोड़ रुपये की निकासी हुई है। म्यूचुअल फंड निकाय एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

यह लगातार दूसरा महीना है इन योजनाओं से निकासी हुई है। मुख्य रूप से कंपनियों की अग्रिम कर जरूरतों और शेयर बाजारों में गिरावट आने से ऐसा हुआ है।

एम्फी के आंकड़ों के अनुसार अगस्त में इस खंड से 25,873 करोड़ रुपये निकाले गए थे। इससे पहले जुलाई में इन योजनाओं में 61,440 करोड़ रुपये का निवेश आया था।

# इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से 76 हजार यात्री प्रभावित हुए

- भारत का घरेलू हवाई यातायात सितंबर में 29.10 प्रतिशत बढ़ा
- डीजीसीए का यह आंकड़ा गुरुवार को सामने आया

नई दिल्ली, एजेंसी। इंडिगो की उड़ानें रद्द होने या दो घंटे से अधिक की देरी के कारण सितंबर में 76,000 से अधिक यात्री प्रभावित हुए, जबकि टाटा के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने सितंबर में 450 यात्रियों को विमान में चढ़ने से मना कर दिया। डीजीसीए का यह आंकड़ा गुरुवार को सामने आया है।

आंकड़ों के अनुसार भारत का घरेलू हवाई यात्री यातायात सितंबर में 29.10 प्रतिशत बढ़कर 1.22 करोड़ हो गया, जो पिछले साल इस महीने में 1.03 करोड़ था। कुल प्रभावित 76,612 यात्रियों में से 50,945 यात्री इंडिगो द्वारा सितंबर में अपनी उड़ानें पूरी तरह से रद्द करने के कारण प्रभावित हुए, जबकि अन्य 25,667 यात्री एयरलाइन द्वारा अपनी उड़ानों में दो घंटे से अधिक की देरी के कारण प्रभावित हुए। एयरलाइन ने रद्द होनेवाली उड़ानों के लिए पूरे पैसे वापस किए लेकिन दो घंटे से अधिक देरी वाले उड़ानों में यात्रियों को सिर्फ जलपान दिया।

विमान बेड़े पर नजर रखने वाली वेबसाइट प्लेनस्पॉटर्स के अनुसार, इसके 334 विमानों में से 46 वर्तमान में अलग-अलग कारणों से ग्राउंडेड हैं। आंकड़ों के अनुसार इंडिगो के अलावा, एयर इंडिया के 24,758 यात्री और स्पाइसजेट के अन्य 24,635 यात्री सितंबर में अपनी कुछ उड़ानों में दो घंटे से अधिक की देरी के कारण प्रभावित हुए। डीजीसीए के अनुसार, स्पाइसजेट ने अपनी ओर से यात्रियों की सुविधा के अलावा उन्हें वैकल्पिक उड़ानें और जलपान प्रदान करने पर 45.78 लाख रुपये खर्च किए।

प्रपत्र-3 [विनियम -15(1)(क)]/16(3) देखें
ऋण वसूली न्यायाधिकरण, चंडीगढ़ (डीआरटी-2)
प्रथम तल, एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17ए, चंडीगढ़, (तृतीय और चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्थान आवंटित)
वाद सं. ओए/474/2020
अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के साथ पठित ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के तहत सम्मन
Exh. No. 1007

केनरा बैंक बनाम अंकुर श्रीवास्तव एवं अन्य

सेवा में,
(1) अंकुर श्रीवास्तव एवं अन्य पुत्री/पत्नी/पुत्र श्री देव शरण, मकान नं. 706 फ्रेंड्स सोसायटी सेक्टर-12, वसुंधरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश -201014 और: मकान नं. एस 550 सी द्वितीय तल स्कूल ब्लॉक शकरपुर ईस्ट दिल्ली -110092 और: गांव और डाकघर तालगांव टाउन रुदौली जिला फैजाबाद फैजाबाद, उत्तर प्रदेश -224120
(2) श्रीमती वीना श्रीवास्तव पत्नी अंकुर श्रीवास्तव, मकान नं. 706 फ्रेंड्स सोसायटी सेक्टर 12 वसुंधरा, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश -201014 और: गांव और डाकघर तालगांव टाउन रुदौली जिला फैजाबाद फैजाबाद, फैजाबाद उत्तर प्रदेश -224120
(3) एलए रेजिडेंसिया डेवलपर्स प्रा. लि., 220, द्वितीय तल वर्धमान सनराइज प्लाजा, प्लॉट नं. 1, एलएससी वसुंधरा एन्क्लेव पूर्वी दिल्ली-110096 और: प्लॉट नं. जीएच 06/ए टेक जोन IV नोएडा एक्सटेंशन, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश -203201 और: 195 राम विहार ईस्ट दिल्ली-110092

सम्मन

जबकि, ओए/474/2020 माननीय पीठासीन अधिकारी / रजिस्ट्रार के समक्ष 16-02-2021 को प्रस्तुत किया गया था।
जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 46,67,760/- के ऋण की वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओ.ए.) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है। (दस्तावेजों आदि की प्रतियों के साथ आवेदन संलग्न)
अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के अनुसार आप प्रतिवादियों को निम्न निर्देश दिया जाता है:-
(i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए;
(ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3A के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें;
(iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3A के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है;
(iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3A के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे;
(v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवेदक को मुहैया कराने तथा दिनांक 16/11/2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 05-07-2023 को दिया गया।
प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर सम्मन जारी करने हेतु

बिहार सरकार
सामान्य प्रशासन विभाग
बिहार लोकायुक्त संस्थान में एक अध्यक्ष, एक न्यायिक सदस्य एवं गैर न्यायिक सदस्य की पदों पर नियुक्ति हेतु सूची तैयार करने हेतु सुझाव एवं जानकारी का आमंत्रण

बिहार लोकायुक्त अधिनियम, 2011 की धारा-4(3) के अधीन बिहार लोकायुक्त संस्थान में उक्त अधिनियम की धारा-3(2) के अधीन एक अध्यक्ष, एक न्यायिक सदस्य एवं एक गैर न्यायिक सदस्य, परन्तु अध्यक्ष, एक न्यायिक सदस्य एवं गैर न्यायिक सदस्य में से कम से कम दो व्यक्ति न्यायिक सदस्य होंगे, के चयन की अनुशंसा हेतु "खोजबीन समिति" का गठन किया गया है।

नाम निर्देशन आमंत्रित करने के लिए दिनांक 19.08.2023 एवं 20.08.2023 को दैनिक समाचार पत्रों Times of India (Delhi, Mumbai, Kolkata, Chennai Edition), Hindustan Times (Delhi, Mumbai) Indian Express (Patna Edition) Hindustan (Hindi) (All Editions) Dainik Jagaran (Hindi) (All Editions) में नाम निर्देशन की सूचना प्रकाशित करते हुए इसे सामान्य प्रशासन विभाग के वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है। प्राप्त नाम निर्देशन को सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के वेबसाइट https://state.bihar.gov.in/gad/CitizenHome.html पर अपलोड कर दिया गया है।

उक्त अधिनियम की धारा-4(7)(ग) के आलोक में आम नागरिकों से ई-मेल और/अथवा सीलबंद लिफाफे में सुझाव एवं जानकारी दिनांक 31.10.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक निम्नांकित पते पर आमंत्रित किये जाते है।

(मो॰ सोहैल)
सचिव
सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना
संपर्क सूत्र–(मो) +(91) 8544336500
दूरभाष संख्या–0612.2910079
secy-par-bih@nic.in

PR- 010256 (GAD) 2023-24

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

Bihar Urban Infrastructure Development Corporation Limited
A Government of Bihar Undertaking

NOTICE INVITING TENDER
FOR
Construction of Crematorium (Electrical & Wooden)
Under Nischay-2 in Various ULB, Bihar.
(Through e-procurement mode only- www.eproc2.bihar.gov.in )
NIT.No- BUIDCO/ Yo-2790/2023- 103

Building Better Tomorrow
Govt. of Bihar

A. Bihar Urban Infrastructure Development Corporation Limited (BUIDCo) invites bids from eligible experienced Firms / Contractors / Agencies / Bidders registered in appropriate category in any government organisation/PSUs for execution of works as given below :-

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost (INR) | Bid Security (EMD) (INR) | Bid Document Cost (INR) | Bid Processing Fee with GST (INR) | Time for completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Construction of Crematorium (Electrical 01 Set & Wooden 02 Set) & 05 Years O&M under Nischay-2 in Bakhtiyarpur, Nagar Parishad, Bihar | 6,88,38,741.00 | 13,77,000.00 | 23,600.00 | As per Eproc2 | 12 Months |

| | | | |
|---|---|---|---|
| B. | Date of Downloading of Bid Document | : | From 20.10.2023 to 16.11.2023 up to 03:00 P.M. Through website : www.eproc2.bihar.gov.in . |
| C. | Place & Date of pre-bid meeting | : | Date:-27.10.2023, Time 03.00 P.M; BUIDCo Office, *West Boring Cannal Road (Rajapul) Patna, Bihar, India, PIN -800 001* |
| D. | Last date of Receiving Queries | : | Date:-27.10.2023, Time 05.00 P.M. headquarter.buidco@gmail.com |
| E. | Last Date and time for uploading of bid. | : | Date:-16.11.2023 up to 03.00 P.M. Through website : www.eproc2.bihar.gov.in . |
| F. | Last Date and time for submission of hard copy of EMD | : | Date:-17.11.2023, Time 03.00 P.M |
| G. | Time & Date of opening technical bids | : | Date:-17.11.2023, Time 04.00 P.M |
| H. | Time & date of opening financial bids | : | To be communicated later on. |
| I. | Place of opening of Bid | : | Through website : www.eproc2.bihar.gov.in . |
| J. | Periods of bids validity | : | 120 Days. |
| K. | Officer inviting bids | : | Chief General Manager, Buidco |

Further details of works can be obtained from the office of Chief General Manager, Buidco For clarification, regarding the E –tendering process, please contact e-procurement, Help Desk Address: mjunction services limited RJ Complex, 2nd Floor, Canara Bank Campus, Khajpura, Ashiana Road, P.S. - Shastri Nagar, Patna 800 014, Bihar, Telephone no. 0612-2523006, Mobile No – 07542028164.

For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar

Chief General Manager,
BUIDCo, Patna.

#West Boring Cannal Road (Rajapul) Patna, Bihar, India, PIN -800 001
(Tel: +91 612-2558412, Web:-http://buidco.in, Email: mdbuidco@gmail.com)
PR- 010140 (Ni.Ni. ) 2023-24

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड
(आरईसी लिमिटेड के पूर्ण स्वामित्व की सहायक कंपनी)
वैश्विक आमंत्रण (इलेक्ट्रॉनिक बोली के माध्यम से)
टैरिफ के जरिये प्रतियोगिता बोली प्रक्रिया (टी. बी. सी. बी. ) के अंतर्गत "चार (4) अंतर राज्जीय पारेषण परियोजनाओं" के निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और स्थानांतरण (बूट) आधारित पारेषण सेवा प्रदाता के चयन की अहर्ता हेतु

आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड, नई दिल्ली, भारत (आरईसी लिमिटेड के पूर्ण स्वामित्व की सहायक कंपनी– एक ''महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम) नीचे उल्लिखित पारेषण परियोजनाओं की स्थापना हेतु टी. बी. सी. बी. के अंतर्गत निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और स्थानांतरण (बूट) के आधार पर प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी) एक चरण दो लिफाफे वाली प्रक्रिया के तहत प्रस्ताव आमंत्रित करता है । इच्छुक बोलीदाता कृपया हमारी वेबसाइट्स www.recindia.nic.in तथा www.recpdcl.in पर 13.10.2023 से उपलब्ध "प्रस्ताव हेतु अनुरोध" (आरएफपी) अधिसूचना तथा आरएफपी दस्तावेज़ का अवलोकन करे ।
बोलीदाता, आरएफपी दस्तावेज सभी कार्य दिवसों में 10.30 बजे (भा.मा.स) से 16.00 बजे (भा.मा.स) के बीच (13.10.2023 से प्रत्येक परियोजना के प्रस्ताव जमा करने की तिथि से एक दिन पहले तक) हमारी वेबसाइट www.recindia.nic.in और www.recpdcl.in पर उपलब्ध संबंधित परियोजनाओ के आरएफपी दस्तावेज में दिए गए विवरण के अनुसार प्रत्येक पारेषण परियोजनाओं के लिए अप्रतिदेय गैर–वापसी योग्य शुल्क (5,00,000/– (पांच लाख रुपए केवल) या $7000 (यूएस डालर सात हजार केवल) + 18% जीएसटी) के भुगतान पर प्राप्त कर सकते है । आरएफपी दस्तावेज हमारी वेबसाइट्स www.recindia.nic.in तथा www.recpdcl.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है। तथापि, ऐसे मामले में इच्छुक पार्टी आरएफपी दस्तावेज में दिए गए विवरण के अनुसार प्रत्येक पारेषण परियोजनाओं के लिए अप्रतिदेय गैर–वापसी योग्य शुल्क (5,00,000/– (पांच लाख रुपए केवल) या $7000 (यूएस डालर सात हजार केवल) + 18% जीएसटी) का अलग से भुगतान करने पर ही आरएफपी के उत्तर में प्रस्ताव जमा कर सकते हैं । सर्वे रिपोर्ट एवं आरएफपी दस्तावेजों के स्पष्टीकरण उन्हीं बोलीदाताओं को जारी किया जाएगा, जिन्होंने अपेक्षित शुल्क का भुगतान करके आरएफपी दस्तावेज प्राप्त किया या खरीदा है। इस सन्दर्भ में महत्वपूर्ण समय–सीमा इस प्रकार हैः

| क्रम. सं. | परियोजना का नाम | स्पष्टीकरण मंगवाने की अंतिम तिथि | आरएफपी के उत्तर में प्रस्ताव जमा की अंतिम तिथि | आरएफपी प्रस्ताव खोलने का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | महाराष्ट्र के कल्लम क्षेत्र में पश्चिमी क्षेत्र नेटवर्क विस्तार योजना | 02.11.2023 | 15.12.2023, 1400 बजे तक (भा.मा.स) | 15.12.2023, 1430 बजे तक (भा.मा.स) |
| 2. | चरण–IV (7 गीगावाट) के अंतर्गत गुजरात के खावड़ा क्षेत्र में संभावित नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से विद्युत की निकासी के लिए पारेषण प्रणाली– भाग ई2 | 02.11.2023 | 15.12.2023, 1500 बजे तक (भा.मा.स) | 15.12.2023, 1530 बजे तक (भा.मा.स) |
| 3. | राजस्थान आरईजेड फेज–IV (भाग–2: 5.5 गीगावाट) (जैसलमेर/बाड़मेर कॉम्प्लेक्स) से विद्युत की निकासी के लिए पारेषण प्रणाली: भाग सी | 02.11.2023 | 15.12.2023, 1600 बजे तक (भा.मा.स) | 15.12.2023, 1630 बजे तक (भा.मा.स) |
| 4. | राजस्थान आरईजेड चरण–IV (भाग–2: 5.5 गीगावाट) (जैसलमेर/बाड़मेर कॉम्प्लेक्स) से विद्युत की निकासी के लिए पारेषण प्रणाली: भाग ई | 02.11.2023 | 15.12.2023, 1700 बजे तक (भा.मा.स) | 15.12.2023, 1730 बजे तक (भा.मा.स) |

बोली में सभी शुद्धिपत्र, अनुशेष, संशोधन, समय बढ़ाना आदि हमारी वेबसाइट्स www.recindia.nic.in तथा www.recpdcl.in पर होस्ट किए जाएंगे। नवीनतम जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करते रहे ।
नोटः आरईसीपीडीसीएल के पास बिना कोई कारण बताए तथा बिना किसी बाध्यता केबोली प्रक्रिया को रद्द या संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित है। यह कोई पेशकश नहीं है।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी
आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड
कोर–4, स्कोप कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003, भारत

बोली प्रक्रिया समन्वयक: आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड
पहलकर्ता: विद्युत मंत्रालय भारत सरकार
पहलकर्ता भागीदार: केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण

ऊर्जा ही जीवन है, इसे बचाएं। Give a missed call on toll free number 18002003004 to get our Apps

HCL TECHNOLOGIES LIMITED
Corporate Identity Number : L74140DL1991PLC046369
Registered Office : 806, Siddharth, 96 Nehru Place, New Delhi, 110 019
Corporate Office : Plot No. 3A, Sector 126, Noida 201 304, U.P., India
Website: www.hcltech.com; Telephone: +91 11 26436336

Extract of Consolidated Financial Results of HCL Technologies Limited as per Ind AS: (₹ in crores)

| Particulars | Three months ended 30 September 2023 (Unaudited) | Six months ended 30 September 2023 (Unaudited) | Three months ended 30 September 2022 (Unaudited) |
|---|---|---|---|
| Total income from operations | 26,672 | 52,968 | 24,686 |
| Net profit for the period before tax, exceptional and/or extraordinary items | 5,128 | 9,824 | 4,584 |
| Net profit for the period before tax | 5,128 | 9,824 | 4,584 |
| Net profit for the period after tax | 3,833 | 7,364 | 3,487 |
| Net profit for the period after tax and non-controlling interest | 3,832 | 7,366 | 3,489 |
| Total comprehensive income for the period (comprising profit for the period after tax and non-controlling interest and other comprehensive income after tax) | 3,867 | 7,690 | 3,408 |
| Equity share capital (par value ₹ 2 each) | | | 543 |
| Other equity as at 31 March 2023 | | | 64,862 |
| Earnings per equity share (of ₹ 2 /- each) (for continuing and discontinued operations) (₹) | | | |
| Basic (in ₹) | 14.15 | 27.20 | 12.89 |
| Diluted (in ₹) | 14.13 | 27.16 | 12.88 |

Extract of Standalone Financial Results of HCL Technologies Limited as per Ind AS: (₹ in crores)

| Particulars | Three months ended 30 September 2023 (Unaudited) | Six months ended 30 September 2023 (Unaudited) | Three months ended 30 September 2022 (Unaudited) |
|---|---|---|---|
| Total income from operations | 12,059 | 23,510 | 11,424 |
| Net profit for the period before tax, exceptional and/or extraordinary items | 3,950 | 7,359 | 3,544 |
| Net profit for the period before tax | 3,950 | 7,359 | 3,544 |
| Net profit for the period after tax | 2,966 | 5,562 | 2,741 |
| Total comprehensive income for the period (comprising profit for the period after tax and other comprehensive income after tax) | 2,914 | 5,848 | 2,641 |
| Equity share capital (par value ₹ 2 each) | | | 543 |
| Other equity as at 31 March 2023 | | | 40,561 |
| Earnings per equity share (of ₹ 2 /- each) (for continuing and discontinued operations) (₹) | | | |
| Basic (in ₹) | 10.95 | 20.54 | 10.12 |
| Diluted (in ₹) | 10.93 | 20.51 | 10.12 |

Notes :
1. The consolidated and the standalone financial results for the three and six months ended 30 September 2023 were reviewed by the Audit Committee and have been approved and taken on record by the Board of Directors at its meeting held on 12 October 2023. The statutory auditors have issued unmodified review report on these results.
2. The Board of Directors has declared an interim dividend of ₹ 12/- per share at its meeting held on 12 October 2023.
3. Financial results for all the periods presented have been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (as amended from time to time) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 and other recognised accounting practices and policies to the extent applicable.
4. The above is an extract of the detailed format of quarterly/annual financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full formats of the quarterly/annual financial results are available on the websites of the Stock Exchanges, www.nseindia.com, www.bseindia.com, and on the Company's website, www.hcltech.com.

By the order of the Board of Directors
for HCL Technologies Limited

Roshni Nadar Malhotra, Chairperson, DIN - 02346621
C. Vijayakumar, Chief Executive Officer and Managing Director, DIN - 09244485
Prateek Aggarwal, Chief Financial Officer

Noida (UP), India
12 October 2023

HCL